तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 18 मार्च 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4

कलेक्टर की सख्ती- धान उठाव पर समीक्षा, खाद्य अधिकारी को फटकार





## खबर संक्षेप

### युवक की हत्या कर डबरी में फेंका शव

**अम्बिकापुर।** पुराने विवाद में युवकों ने मिलकर ग्राम हनुमानगढ़ निवासी एक युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी तथा शव को एक डबरी में फेंक दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डबरी का पानी निकालकर शव को बरामद किया। मामले में पुलिस एक संदेही को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि पिछले साल एक बारात में उदयपुर थानान्तर्गत ग्राम पोतका एवं हनुमानगढ़ के युवकों ने जमकर विवाद हुआ था तथा दोनों गांव के युवकों ने जमकर मारपीट की थी। रविवार को ग्राम पोतका में एक बारात आई थी जिसमें हनुमानगढ़ के कुछ युवक पहुंचे थे। इस दौरान ग्राम पोतका के युवकों ने ग्राम हनुमानगढ़ के युवकों पर हमला कर दिया । विवाद बढ़ता देख हनुमान गढ़ के युवक भाग निकले जबकि गांव का शीतल युवकों के बीच फंस गया। ग्राम पोतका के युवकों ने पीट पीटकर शीतल को मार दिया तथा शव को गांव के ही एक डबरी में फेंक दिया।

### ट्रक की टक्कर से पलटी कार, एक गंभीर

**लखनपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनखेता चौक के पास बिलासपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही स्विफ्ट कार को टक्कर कार दी। टक्कर में स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में कार सवार एक यात्री को गंभीर चोटेंआई हैं। जबकि अन्य घायल हो गए। घटना रविवार की बताई जा रही है। स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 12 बीडी 6873 अम्बिकापुर से बिलासपुर की ओर जा रही थी। इस दौरान कार जैसे ही बनखेता चौक के पास पहुंची विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी जिससे अनियंत्रित होकर स्विफ्ट कार पलट गई। इस दौरान बिलासपुर की ओर से आ रहा पिकअप क्रमांक यूपी 64 सीटी 0149 ट्रक से टकराकर पलट गया। बताया जा रहा है कि स्विफ्ट कार मैनपाट से आ रही थी तथा उसमें महिला व बच्चों सहित 6 व्यक्ति सवार थे।

### खड़गवां में कई मूलभूत सुविधाओं का है अभाव

# सांसद आदर्श गांव में पेयजल के लिए भटक रहे ग्रामीण



जर्जर शौचालय।


शो पीस बना नल कनेक्शन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के जनपद मुख्यालय खड़गवां को वर्षो पहले सांसद आदर्श ग्राम घोषित किया गया था, इसके बाद ग्राम खड़गवां के लोगों को उम्मीद थी कि उनके ग्राम का अब समुचित विकास होगा, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी खड़गवां सिर्फ कागजों में ही आदर्श बना हुआ है। जमीनी हकीकत में बुनियादी सुविधाओं का अकाल देखने को मिलता है।

सांसद आदर्श ग्राम घोषित होने के बाद केवल नाम की पट्टिकाएं लगी है, लेकिन वर्षों बाद भी खड़गवां की तस्वीर नहीं बदल सकी। खड़गवां ग्राम प्रवेश करने के पूर्व सड़क किनारे बोर्ड देखने को मिल जाएगा कि मुस्कुराईए आप सांसद आदर्श ग्राम में है। यहां विकास के नाम पर केवल घोषणाएं नहीं बल्कि धरातल पर दिखने वाला परिवर्तन कुछ नहीं है। आज खड़गवां की जनता अपने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से जवाब मांग रही है। जानकारी के अनुसार सांसद आदर्श ग्राम घोषित होने के बाद इस योजना के तहत विशेष बजट और निगरानी का प्रावधान है तो फिर खड़गवां की इतनी बदतर स्थिति क्यों हैं क्या अधिकारी केवल कागजी खानापूर्ति में व्यस्त है और कागजों में खड़गवां सांसद आदर्श ग्राम के रूप में दर्ज हैं और धरातल की हकीकत कुछ और बयां करती है।



क्षतिग्रस्त बोर्ड

### कॉलेज पहुंच मार्ग एक जगह धंसा

खड़गवां मुख्य मार्ग से कॉलेज पहुंच मार्ग पर सड़क का एक हिस्सा धंस गया है, इसके चलते यहां पर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। वाहन चालकों को सावधानी से चलना पड़ता है अन्यथा दुर्घटना घट सकती है। सांसद आदर्श ग्राम में अच्छी सड़क का भी अभाव है।

**सुलभ शौचालय की भी सुविधा नहीं:** सांसद आदर्श ग्राम खड़गवां के बाजार स्थल पर लोगों की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय की भी सुविधा वर्षों बाद भी सुलभ नहीं हो सकी है, इसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार खड़गवां के प्रमुख बाजार स्थल के पास यात्री प्रतीक्षालय के पीछे सार्वजनिक शौचालय वर्षो पूर्व का बना हुआ है, जिसका शटर हमेशा बंद रहता है तथा उपयोग लायक स्थिति में नहीं है जबकि इस स्थल के पास यात्री बसों से लोग उतरते चढ़ते हैं और खड़गवां का प्रमुख बाजार स्थल है, जिन्हें शौचालय एवं यूनिरल के लिए भटकना पड़ता है। सुविधा के अभाव के चलते सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती है।

### पेयजल के लिए जद्दोजहद

सांसद आदर्श ग्राम खड़गवां के लोगों को पीने के पानी के लिए भी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। जिस तरह का विकास होना चाहिए वह नहीं हो पाया है। जल जीवन मिशन योजना के तहत घर-घर पेयजल पहुंचाने की योजना भी यहां फेल हो गई है। अब तक यहां के लोगों के घरों तक पेयजल पहुंचाने के लिए नल के कनेक्शन दिए गए हैं, लेकिन उसमें अब तक पेयजल सप्ताई शुरू नहीं हो पाई है, ऐसे में इस वर्ष के गर्मी में भी लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ेगा।

# 8 वीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा गणित विषय के साथ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कक्षा आठवीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा की शुरूआत 17 मार्च से गणित विषय के साथ शुरू हो गई है। इसके एक दिन पूर्व 16 मार्च को पांचवीं परीक्षा की शुरूआत हुई थी।

जानकारी के अनुसार बीते वर्ष की भॉति इस वर्ष भी पांचवीं व आठवीं की परीक्षा बोर्ड की तर्ज पर आयोजित की जा रही है। आठवीं की परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। शांतिपूर्ण व सुव्यस्थित परीक्षा आयोजन को लेकर शिक्षा विभााग के अधिकारियों द्वारा समुचित व्यवस्था की गई है। बोर्ड की तर्ज पर कक्षा पांचवीं व आठवीं के प्रश्न पत्र का वितरण जिला स्तर पर किया गया और फिर संबंधित क्षेत्र के थाने में सुरक्षित रखा गया है, जहां परीक्षा दिवस संकुल प्रभारियों के द्वारा प्रश्न पत्र प्राप्त कर अपने संकुल से विभिन्न परीक्षा केन्द्रों के लिए वितरीत करते हैं। जानकारी के अनुसार पांचवी व आठवीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा में यदि कोई परीक्षार्थी किसी परीक्षा दिवस अनुपस्थित रहता है अथवा अनुत्तीर्ण हो जाता है तो उसे पूरक की पात्रता होगी और यदि पूरक में भी अनुत्तीर्ण हो जता है, तब उन्हें कक्षोन्नति देकर अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। यानी किसी भी स्थिति में किसी बच्चों को कक्षा में रोका नहीं जाएगा।



### विद्यालय के समय में परिवर्तन

प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक कक्षाओं की केन्द्रीयकृत परीक्षा को देखते हुए शाला संचालन की व्यवस्था के तहत शाला संचालन के समय में परिवर्तन करने का आदेश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किया गया। जानकारी के अनुसार पांचवीं व आठवीं परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का संचालन आगामी 8 अप्रैल तक शाला सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक संचालित करने का आदेश जारी किया गया।

### 25 से शुरु होंगी स्थानीय परीक्षाएं

**बैकुण्ठपुर।** संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ने कक्षा 1 ली, दूसरी, तीसरी, चौथी, छठवीं, सातवीं, नौवी तथा ग्यारहवी कक्षा की वार्षिक परीक्षा जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी के निगरानी में आयोजित की जाएगी। इसके लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार उक्त कक्षाओं की परीक्षा आगामी माह 25 मार्च से 10 अप्रैल के बीच संपन्न कराए जाने हैं, इसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। परीक्षा संपन्न होने के पश्चात 20 अप्रैल तक मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लेना है और 30 अप्रैल को परिणाम घोषित किए जाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार यदि कोई विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में अनुपस्थित रहता है तो उसे पूरक परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जाएगा। कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, छठवीं, सातवीं की पूरक परीक्षा में भी कोई विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं होता है तो क्रक्षोन्नति देकर अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा




## खबर संक्षेप



### सैनिक स्कूल के 12वीं के कैडेटों को दी गई विदाई

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल के 12वीं कक्षा के कैडेटों को जूनियर कैडेटों ने भावभीनी विदाई दी। सैनिक स्कूलों की यशस्वी परंपरा के अनुसार विदाई समारोह प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती, उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पी श्रीनिवास, प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर की उपस्थिति में आयोजित की गई। समारोह में कैडेटों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत नृत्य तथा सामूहिक गीत की प्रस्तुति दी। कैडेट कैप्टन जगन्नाथ यादव ने अपने बैच की ओर से पिछले सात साल के अपने अनुभवों को साझा किया तथा साल के सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान प्राचार्य ने 12वीं के सभी कैडेटों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी कैडेटां के लिए डीजे इवनिंग का आयोजन किया गया जिसमें कैडेटों ने जोश के साथ नृत्य का आनंद लिया। इसके पश्चात सैनिक लॉन में कर्मचारियों तथा कक्षा 12वीं के कैडेटों के लिए विशेष रात्रि भोज आयोजित किया गया।

### बरतीकला में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन कल

**बलरामपुर।** राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक सुगमता एवं समयबद्ध रूप से पहुंचाने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के विकासखण्डों में समाधान शिविर आयोजित किया जाना है। जिसके अंतर्गत जिला स्तरीय समाधान शिविर प्रत्येक विकासखण्ड में आयोजित किया जाएगा। विकासखंड वाड्रफनगर में 19 मार्च को ग्राम पंचायत बरतीकला के हाई स्कूल मैदान में शिविर आयोजित होगा। इसके लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को नोडल एवं संबंधित जनपद सीईओ को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। शिविर में आम नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं योजनाओं से संबंधित आवेदनों का पंजीयन कर उनका निराकरण प्राथमिकता से किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को निर्धारित तिथि में शिविर में उपस्थित होने एवं शिविरों में प्राप्त आवेदनों का यथा संभव शिविर पर ही निराकरण करने के निर्देश भी दिये हैं।

### जनगणना 2027 का प्रथम चरण 1 मई से होगा प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** भारत सरकार द्वारा आयोजित होने वाली जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य राज्य में 1 मई से 30 मई तक किया जाना है। जिसके सम्बन्ध में सोमवार को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में जनगणना की रूपरेखा, कानूनी प्रावधान, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा डेटा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर सुनील नायक, नगर निगम कमिश्नर डीएन कश्यप, सर्व एसडीएम, राजस्व अमला सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सेल्स प्रमोशन एम्प्लाइज यूनियन ने निकाली बाइक रैली

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ सेल्स प्रमोशन एम्प्लाइज यूनियन ने राष्ट्रीय संगठन के आह्वान पर केंद्र एवं राज्य सरकार से दवाओं पर शून्य जीएसटी एवं किफायती मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण दवा सुनिश्चित करने की मांग लेकर मोटर साइकिल रैली निकालकर शहर का भ्रमण किया। रैली में प्रवीण कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, शेखर ज्योति, शेखर पुष्प, राकेश दुबे, संतोष महाराणा, चंद्रभान कुमार चौहान, ताहिर हसन सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### गिरने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत

**अम्बिकापुर।** बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम कामारिया निवासी सहदेव आ. स्व. सोमार राम (51 वर्ष) 14 मार्च को गांव से घूमकर घर की ओर आ रहा था। जैसे ही ग्रामीण घर के दरवाजे के समीप पहुंचा तभी अचानक गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन ग्रामीण को बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। दूसरी घटना में सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोपालपुर निवासी राज कुमार आ. अकालू (45 वर्ष) रविवार को दामाद के साथ आलू की खुदाई कर रहा था। इसी दौरान अचानक गिर गया।

### वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** धुमाडांड मुख्य मार्ग पर पैदल जा रहे ग्रामीण को अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए चपेट में ले लिया। ग्रामीण पर वाहन चढ़ जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम धुमाडांड निवासी विष्णु प्रताप शनिवार की रात पत्नी सुखमेन को धुमाडांड जाने की बात कहकर घर से निकला जिसके बाद वापस नहीं लौटा। सुबह परिजन जब धुमाडांड की ओर जाने लगे तभी मुख्य मार्ग पर विष्णु मृत हालत में पड़ा हुआ था।

## विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में जारी रहेगा व्यवधान

# दिन में छाया अंधेरा, बौछारों के साथ जगह-जगह गिरे ओले



मैनपाट क्षेत्र में गिरे ओले।



उदयपुर में झमाझम बारिश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उत्तर भारत में ताकतवर पछुआ विक्षोभ की सक्रियता के साथ ही देश के विभिन्न भागों में एक साथ कई मौसमी घटकों के प्रभावी होने से मौसम में तेज बदलाव आया है। मौसम विज्ञानी आगे भी मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। सोमवार को तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा हुई वहीं कई स्थानों पर हल्की वर्षा के साथ ओले गिरे हैं।

**खास बात**

- तापमान में होगी गिरावट, गर्मी से मिलेगी राहत

सोमवार को मौसम में आए बदलाव के कारण अपराह्न 3 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही चारों ओर अंधेरा छा गया। लम्बे अर्से बाद इस तरह की स्थिति निर्मित हुई जब दिन में लोगों को उजाले के लिए लाइट जलानी पड़ी। इस दौरान तेज हवाएं भी चली तथा बूंदाबांदी के साथ देर तक गरज-चमक होती रही। कुछ देर बाद शहर के कुछ हिस्सों में हल्की वर्षा हुई जबकि कई स्थानों पर तेज हवा के साथ वर्षा हुई वहीं कुछ क्षेत्रों में बौछारों के साथ ओले गिरे। मौसम विभाग के प्रभारी अधिकारी एसके मंडल ने बताया कि पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से देश के विभिन्न क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका प्रभावी है जिससे खाड़ी से लगातार नमी पहुंच रही है तथा विक्षोभ को ताकत दे रही है। मौसमी घटकों के प्रभावी होने के कारण रात में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। इधर मंगलवार को उत्तर भारत में एक नए पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। ऐसे में मौसम में आए व्यवधान से आगामी दिनों में भी मौसम के प्रभावित रहने की संभावना है। सरगुजा सहित देश के विभिन्न भागों में हुई ओलावृष्टि के कारण सोमवार को दिन के तापमान में गिरावट वहीं रात के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री वहीं सोमवार को क्रमशः 33.9 डिग्री, 18.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में तापमान के सामान्य स्थिति में पहुंचने एवं गर्मी से राहत मिलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

### मैनपाट में गिरे ओले

पठारी क्षेत्र मैनपाट में सोमवार को शाम 5 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही तेज रफ्तार हवाएं चली तथा 15 मिनट तक बौछारों के साथ ओले गिरे। ओलावृष्टि से कहीं कुछ क्षति होने की सूचना नहीं है। मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत कमलेश्वरपुर, कुनिया, बरिमा नर्मदापुर, कंडराजा, ओरंगा सहित अन्य पठारी क्षेत्रों में हल्की वर्षा के साथ ओले गिरने की सूचना है। ओलावृष्टि, से आम, लीची, महुआ सहित अन्य उद्यानिकी फसलों को भारी क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। विकासखण्ड मुख्यालय उदयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में झमाझम बारिश होने के साथ ही कहीं-कहीं अत्यंत छोटे आकार के ओले गिरने की सूचना है।

### सब्जी एवं उद्यानिकी फसलों को नुकसान

बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से सब्जियों एवं उद्यानिकी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। वर्तमान में आम एवं लीची के बौर में फल लगना शुरू हुए है। तेज हवा के साथ हुई बारिश एवं ओले गिरने से आम, लीची के फल झड़ गए हैं। बारिश एवं ओलावृष्टि से महुआ की फसल के भी प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है। बारिश को गेहूं सहित अन्य रबी फसलों के लिए लाभदायक बताया जा रहा है वहीं अरहर की फसल में कीट का प्रकोप बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। ओलावृष्टि से टमाटर, गोभी, सेम सहित अन्य सब्जियों की फसल प्रभावित हुई है।



## 8वीं बोर्ड परीक्षा की तिथि बढ़ाने की मांग शिक्षक फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

20 मार्च को ईद त्यौहार होने तथा इसी दिन 8वीं बोर्ड की हिन्दी विषय की परीक्षा होने पर छग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारी व सदस्यों ने परीक्षा तिथि अगले दिन किए जाने की मांग की। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि मुस्लिम समाज का ईद का त्यौहार चांद के हिसाब से 20 मार्च को होने की ज्यादा संभावना है तथा 20 मार्च को 8वीं बोर्ड की परीक्षा विषय-हिन्दी बोर्ड का पेपर भी सम्पन्न हो रहा है। जिले में मुस्लिम समुदाय बहुतायत की संख्या में निवास करते हैं और उनके बच्चे परीक्षा में काफी सम्मिलित भी हो रहे हैं, साथ ही परीक्षा संचालन करने के लिये केन्द्राध्यक्ष एवं शिक्षकों की भी परीक्षा केन्द्र में ड्यूटी लगाई गई है। ईद का त्योहार मुस्लिम समाज में पवित्र रमजान महीने के बाद आस्था का पर्व है और इस अवसर पर राष्ट्रीय अवकाश 21 मार्च को किया गया है, परन्तु मुस्लिम समुदाय के मान्यता के अनुसार अगर माह के 29 का चांद दिखाई देता है तो ईद का त्योहार 20 मार्च को होगा, जिसमें हजारों की संख्या में परीक्षा में सम्मिलित बच्चे एवं शिक्षक ईद का नमाज पढ़ने से वंचित हो जाएंगे और ईद का नमाज का समय प्रातः 8 से 11 बजे तक रहता है। शिक्षकों ने 20 मार्च को सम्पन्न होने वाले 8वीं बोर्ड के हिन्दी विषय की परीक्षा को अगले दिन सम्पन्न करवाने मांग की।



## शासकीय भूमि पर मस्जिद का निर्माण, विश्व हिन्दू परिषद ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी व सदस्यों ने नवागढ़ आलम बाग उद्यान के एक हिस्से स्थित शासकीय भूमि पर मस्जिद निर्माण कराने का विरोध करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, साथ ही कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि नवागढ़ क्षेत्र के आलम बाग उद्यान के एक हिस्से में जो कि शासकीय भूमि थी वहां एक समुदाय द्वारा मस्जिद का निर्माण कराया जा रहा है। तत्कालीन कलेक्टर द्वारा इस निर्माण को तोड़ने तथा दोषियों के पर कार्रवाई करने आदेश दिया गया था। परंतु आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई और मस्जिद का निर्माण जारी है। हिन्दू परिषद के पदाधिकारी व सदस्यों ने निर्माण पर रोक लगाने तथा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनीत कुमार गुप्ता, संजीत गुप्ता, डॉ. शिव मंगल सिंह, अविनाश तिवारी, विनय दास, महेश सोनी, रूप नारायण, सुरेश सोनी, संतोष विश्वकर्मा मनीजर राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।

### टोचन वाहन ने चौकी प्रभारी की कार को मारी टक्कर, बाल बाल बचे अधिकारी

**अंबिकापुर।** एनएच 130 पर तेज रफ्तार टोचन वाहन ने चौकी प्रभारी की कार को टक्कर मार दी। इस घटना में चौकी प्रभारी बाल बाल बच गए। घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि लखनपुर थाना क्षेत्र के केदमा चौकी प्रभारी कार क्रमांक सीजी 29 एसी 9721 से किसी काम से जा रहे थे। इस दौरान रास्ट्रीय राजमार्ग 130 पर लखनपुर थाना क्षेत्र के हंसडांड चौक के समीप तेज रफ्तार टोचन वाहन ने केदमा चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद सिंह की कार को टक्कर मार दी। टक्कर से स्विफ्ट कार के सामने और पीछे का हिस्सा बुरी तरह से क्षति क्षतिग्रस्त हुआ है। इस घटना में चौकी प्रभारी बाल बाल बच गए। घटना के बाद चालक टोचन वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। इस हादसे में चौकी प्रभारी चोटिल हुए है। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है और आरोपी चालक व वाहन की तलाश जारी है।




## सड़क दुर्घटना में गंभीर तीन लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर हुए तीन लोगों की निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने तीनों मामलों में मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार लटोरी अंतर्गत ग्राम रामेश्वरपुर निवासी संजू बनझोर आ. राम सुन्दर (26 वर्ष) रविवार की सुबह परिजन को मोबाइल का सीम बंद कराने की बात कहर बाइक से निकला था। जैसे ही बाइक सवार कल्याणपुर जंगल में पहुंचा तभी कार क्रमांक सीजी 15 डीएम 9537 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर चोट लगने से मौके पर ही अचेत हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। दूसरी घटना में कमलेश्वपुर अंतर्गत ग्राम घटगांव निवासी अगर साय कुजूर आ. पेठे कुजूर (53 वर्ष) 12 मार्च को बाइक से नर्मदापुर साप्ताहिक बाजार गया था। शाम को वापस घर लौटने लगा और जैसे ही नर्मदापुर बांसपारा के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल का रायपुर में उपचार कराने के पश्चात छुट्टी कराकर वापस शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। वहीं एक अन्य घटना में विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम केनापारा निवासी संतोष यादव आ. कवल साय यादव (41 वर्ष) रविवार को गांव के ही सुखराम के साथ बाइक से खोपा डांड गए थे। शाम को दोनों वापस घर आने लगे तभी खोपा डांड के समीप ही अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में संतोष यादव गंभीर चोट लगने से अचेत हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा सुखराम बैठा हुआ था जबकि संतोष सड़क किनारे गंभीर हालत में अचेत पड़ा था। परिजन घायलों को तत्काल शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत संतोष को मृत घोषित कर दिया।

### नहाने के दौरान कुंवरपुर बांध में डूबी महिला, मौत

**अम्बिकापुर।** नहाने के दौरान कुंवरपुर बांध में डूबने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लखनपुर थानान्तर्गत ग्राम अंधला निवासी दुर्गावती पति कैलाश सिंह गोड़ (40वर्ष) अपनी पड़ोसी कविता सिंह व एक अन्य महिला के साथ कुंवरपुर बांध में नहाने पहुंची थी। इस दौरान वह गहरे पानी में चली गई तथा डूबने लगी दुर्गावती को बांध में डूबते देख अन्य महिलाएं शोर मचाने लगी। शोर सुनकर पहुंचे दुर्गेश एवं योगेश पहुंचे एवं किसी तरह दुर्गावती को बाहर निकाला।

## गर्भाशय कैंसर से बचाव : जिला चिकित्सालय में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने की दिशा में जिले ने आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में 14 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाकर जिले में इस अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया।

महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा यह विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ 28 फरवरी को राजस्थान के अजमेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। राज्य स्तर पर इसका शुभारंभ मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खडगांवां से मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री द्वारा किया गया। इसी कड़ी में आज जिले में भी यह अभियान प्रारंभ हो गया है। जिला चिकित्सालय स्थित 100 बिस्तरीय मातृत्व एवं शिशु अस्पताल के टीकाकरण कक्ष में प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक यह टीकाकरण किया जाएगा। यह अभियान सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत नहीं, बल्कि एक विशेष राष्ट्रीय अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत 14 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को गार्डासिल नामक क्वाड्रिवैलेंट एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी, जो सर्वाइकल कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी मानी जाती है।

शुभारंभ के दौरान सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय मरकाम, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. प्रियंका पटेल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आरआरएस सिंह, उपेंद्र सिंह, सतेंद्र खुटे, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता कुसुम, विमला स्वामी, मंजू, ममता, संदीप गुप्ता एवं मितानिन उपस्थित रहीं।

## भाजपा मंडल भैयाथान में दो दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत भाजपा मंडल भैयाथान द्वारा मंगल भवन में दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग में सक्षम कार्यकर्ता, सशक्त संगठन के उद्देश्य को लेकर रविवार को मंडल के सभी पदाधिकारी तथा सभी मोर्चा के मंत्री स्तर तक के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। प्रशिक्षण में कुल आठ सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रत्येक सत्र के लिए अलग-अलग अध्यक्ष एवं वक्ता निर्धारित किए गए थे।



विभिन्न सत्रों में संगठन की कार्यप्रणाली, पार्टी की विचारधारा, पार्टी का इतिहास, संगठन विस्तार में कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षण से व्यक्ति निर्माण, व्यक्तित्व निर्माण, आचरण और व्यवहार का विकास होता है।

## लखनपुर गर्ल्स स्कूल में डीईओ ने पकड़ी नकल, की कार्रवाई

# ओपन स्कूल परीक्षा में नकल करते मिले दो परीक्षार्थी, बदले गए केन्द्राध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


ओपन स्कूल परीक्षा के दौरान नकल प्रकरण का मामला सामने आया है। स्कूल में निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने ही दो नकलची पकड़े। डीईओ ने दोनों छात्र-छात्राओं के खिलाफ नकल प्रकरण बनाया गया है। बड़ी बात यह है कि नकल प्रकरण के मामले में डीईओ ने केन्द्राध्यक्ष को बदल दिया है और अन्य शिक्षकों को भी कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन किया गया है। ओपन स्कूल के तहत सोमवार को 12वीं कक्षा के हिंदी विषय की परीक्षा जिले के दस केन्द्रों में आयोजित की गई। हिन्दी विषय की परीक्षा के लिए जिले में कुल 1769 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1668 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 101 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान डीईओ दिनेश झा व उड़न दस्ता दल ने शासकीय कन्या उमावि लखनपुर, शासकीय उमावि लहपटरा, शासकीय कन्या उमावि बतौली तथा शासकीय नगर पालिक उमावि अम्बिकापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासकीय कन्या उमावि लखनपुर में एक छात्र व एक छात्रा हिंदी विषय की परीक्षा में नकल करते पकड़े गए। इस मामले में दोनों विद्यार्थियों के खिलाफ नकल प्रकरण तैयार किया गया। वहीं नकल प्रकरण के बाद डीईओ श्री झा ने कड़ी नाराजगी जाहिर करने के साथ ही केन्द्राध्यक्ष पर कार्रवाई की है। डीईओ ने स्कूल के केन्द्राध्यक्ष को ही बदल दिया है और ड्यूटी में मौजूद शिक्षकों को भी नोटिस जारी किया गया है। डीईओ श्री झा ने बताया कि ओपन स्कूल परीक्षा में अब कड़ाई की जा रही है और नकल प्रकरण में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



### 5वीं बोर्ड में 16 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा 2026 के अंतर्गत सोमवार को कक्षा 5वीं के गणित विषय की परीक्षा जिले के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिले के कुल 1563 परीक्षा केंद्रों में आयोजित इस परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर गठित विशेष निरीक्षण दलों द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। गणित विषय की परीक्षा के लिए कुल 16 हजार 665 परीक्षार्थी पंजीकृत थे इनमें से 16 हजार 607 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए जबकि 58 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शिक्षा विभाग ने बताया कि परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।



# बैटल ऑफ गलवान का बदला नाम, अब होगा 'मातृभूमि'

**मुंबई।** सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का नाम बदल गया है। जी हां, साल 2020 में गलवान घाटी में चीन के साथ लड़ी गई खूनी लड़ाई पर बनी इस फिल्म का नाम अब 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' होगा। यह घोषणा सोमवार, 16 मार्च को मेकर्स की ओर से की गई है। इसी के साथ फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया गया है, जिसमें सलमान खान का खतरनाक लुक नजर आ रहा है। हालांकि, इस नए पोस्टर से रिलीज डेट गायब है, जिसके बाद उन कयासों को फिर से हवा लगी है कि शायद फिल्म अगले महीने 17 अप्रैल को रिलीज नहीं होगी और पोस्टपोन होगी।

लाइफ Style

# प्रियंका

## व्हाइट गाउन में दिखीं बेहद ग्लैमरस


प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड्स 2026 के रेड कार्पेट पर अपनी शानदार एंट्री से सभी का ध्यान खींच लिया। इस खास मौके पर वह अपने पति निक जोनस का हाथ थामे रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस साल सेरेमनी में एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा बतौर अवॉर्ड प्रेजेंटर ऑस्कर अवॉर्ड्स में शामिल हुईं।

एजेंसी ▶▶ लॉस एंजिल्स

वे अपने पति निक जोनस के साथ रेड कार्पेट पर नजर आईं। रेड कार्पेट पर दोनों ने साथ में पोज दिए और पैपराजी के सामने कई प्यारे पल भी शेयर किए। इस प्रतिष्ठित शाम के लिए प्रियंका ने डायर का बेहद खूबसूरत स्ट्रैपलेस सफेद गाउन चुना। ये व्हाइट कलर का था और नीचे की तरफ से लंबा फ्लोइंग डिजाइन था, जिसमें हाई स्लिट और स्कर्ट पर पंख जैसी डिटेलिंग नजर आ रही थी। प्रियंका ने अपने लुक को ब्लैक पॉइंटेड हील्स और चमकदार डायमंड नेकलेस के साथ पूरा किया। उन्होंने बालों को सीधा और स्लीक रखा। वहीं उनका मेकअप सॉफ्ट और ग्लोइंग था। निक जोनस की बात करें, तो वे क्लासिक ब्लैक वेलवेट टक्सीडो, सफेद शर्ट और बो टाई में बेहद स्टाइलिश नजर आए। दोनों का आउटफिट एक क्लासिक रेड कार्पेट लुक दे रहा था। रेड कार्पेट पर पहुंचने से पहले प्रियंका ने अपने फैंस के साथ इंस्टाग्राम स्टोरी पर तैयारियों की क्लिप्स भी शेयर की। एक छोटे से वीडियो में वह इसी सफेद डियोर गाउन में अवॉर्ड सेरेमनी के लिए तैयार होती नजर आईं और उनके साथ निक जोनस भी थे। उन्होंने अपने ड्रेसिंग रूम के कुछ बिहाइंड द सीन मोमेंट्स भी शेयर किए, जहां उनकी टीम उनके लुक को फाइनल टच दे रही थी।



हॉलीवुड मसाला



# भारत में पोस्टपोन हुआ शो

**लॉस एंजिल्स।** रैपर कान्ये वेस्ट के भारत के कॉन्सर्ट को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। अब कान्ये वेस्ट का इंडिया टूर टल गया है। पहले यह कॉन्सर्ट 29 मार्च को होने वाला था। रैपर और म्यूजिशियन कान्ये वेस्ट अपने भारत के कॉन्सर्ट को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। कान्ये वेस्ट का इंडिया टूर अब टल गया है। कान्ये वेस्ट का शो पहले 29 मार्च 2026 को नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होना था, लेकिन अब इसे 23 मई 2026 को कर दिया गया है।



# यह तो मेरे लिए गर्व की बात है ...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म सिनर्स के स्टार माइकल बी. जॉर्डन के लिए इस साल का ऑस्कर अवॉर्ड्स बहुत खास रहे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड्स में उन्होंने पहली बार बेस्ट एक्टर का ऑस्कर जीतकर इतिहास रच दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, वह लीड एक्टर कैटेगरी में ऑस्कर जीतने वाले छठे ब्लैक एक्टर बन गए हैं। अपने इमोशनल एक्सेप्टेंस स्पीच में माइकल बी. जॉर्डन ने उन दिग्गज कलाकारों को याद किया जिन्होंने ब्लैक कलाकारों के लिए रास्ता बनाया। उन्होंने खास तौर पर सिडनी पोइटियर और विल स्मिथ का जिक्र किया। उन्होंने आगे कहा, 'इन महान कलाकारों के बीच अपना नाम जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है।' माइकल बी. जॉर्डन का जन्म 9 फरवरी 1987 को अमेरिका के कैलिफोर्निया के सैंटा एना शहर में हुआ था। उनका पूरा नाम माइकल बकारी जॉर्डन है।



# अब श्रेया भी लेंगी सिंगिंग से ब्रेक

**मुंबई।** अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास लेने के फैसले पर जहां अभी तक फैंस को यकीन नहीं हो रहा, वहीं अब सिंगर श्रेया घोषाल ने भी इस कदम की ओर इशारा किया है। 42 साल की श्रेया ने एक नए इंटरव्यू में इस बात पर जोर दिया कि लाइव सिंगिंग में स्टेज पर लिप-सिंकिंग करना ऐसी चीज है, जिस पर वह कभी निर्भर नहीं रहना चाहेंगी। अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग से ब्रेक लेने के फैसले पर फैंस के बीच चर्चा छिड़ने के बाद, अब श्रेया ने कहा है कि जिस दिन उन्हें ऐसा कुछ करना पड़ा, वह गाना बंद कर देंगी। 5 बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकीं श्रेया ने कहा कि कभी-कभी उनका मन भी ब्रेक लेने का करता है। सात बार फिल्मफेयर अवॉर्ड जीत चुकीं श्रेया ने कहा कि लाइव परफॉर्मेंस देना एक कलाकार के तौर पर उनकी पहचान का अहम हिस्सा है।



# कुंभकर्ण के किरदार में नजर आएंगे फैसल

**मुंबई।** 'रामायण' सबसे ज्यादा इंतजार किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स में से एक है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश जैसे कई बेहतरीन कलाकार शामिल हैं। फिल्म को लेकर फैंस उत्साहित हैं। खबर है कि इस फिल्म से 'पंचायत' फेम फैसल मलिक भी जुड़ रहे हैं। वह इसमें अहम किरदार निभाएंगे। 'रामायण' में कुंभकर्ण की भूमिका के लिए फैसल को चुना गया है। इससे पहले, इस भूमिका के लिए बॉबी देओल का नाम सामने आया था। फैसल को सीरीज 'पंचायत' में प्रह्लादचा का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। हाल ही में उन्हें अनिल कपूर की फिल्म 'सूबेदार' में भी देखा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। वह मुंबई के प्राइम फोकस स्टूडियो में कुंभकर्ण के शुरुआती सीन के लिए यश के साथ शामिल हुए।

टीवी मसाला



# तान्या ने राम-सीता प्रिंट वाली साड़ी से पोंछा एकता का मुंह

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के खत्म होने के बाद एक बार फिर तान्या मित्तल चर्चा में हैं। इस बार राम-सीता वाली प्रिंट की साड़ी को लेकर बवाल मचा हुआ है, जिससे उन्होंने एकता कपूर का मुंह पूछ दिया। ये सब देखकर लोग भड़क उठे हैं, जिसमें वड़ा पाव गर्ल भी कूद पड़ी हैं। हालांकि, लोगों ने यहां चंद्रिका को धो डाला है। बता दें कि 'बिग बॉस 19' के समय से ही तान्या मित्तल एकता कपूर के प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में रही हैं। पिछले कुछ समय से तान्या और एकता की कुछ झलकियां सोशल मीडिया पर भी खूब दिखी हैं जिसमें 'बिग बॉस' की कंटेस्टेंट्स टीवी क्वीन को गिफ्ट-शिफ्ट देती दिखीं। अब सोशल मीडिया पर छाए एक वीडियो में तान्या एकता के साथ दिख रही हैं। केवल साथ ही नहीं दिख रहीं बल्कि साड़ी को फ्लॉन्ट करते हुए कुछ ऐसा कर डाला कि लोगों का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है। तान्या मित्तल ने एकता कपूर का मुंह उसी साड़ी के पल्लू से पोछ दिया जिस पर भगवान राम और सीता की तस्वीर छपी नजर आ रही है। लोगों ने भड़कते हुए तान्या के इस हरकत पर कॉमेंट किया है। एक यूजर ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, 'इन लोगों ने भगवान का भी मजाक बनाकर रख दिया। एक ने गुस्से में कहा- बाप रे, भगवान का चित्र बना हुआ है और इससे उसने पसीना पोंछा। एक और ने कहा- वैसे पल्लू पर श्री राम जी और सीता जी बनवाए हुए हैं और उन्हीं से उसका मुंह पूछ रहे हैं, कितनी बेवकूफी है।

## फलक से मांगी गई जन्म कुंडली



**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस फलक नाज उस वक्त भड़क गईं, जब एक प्रोडक्शन हाउस ने उनसे उनकी जन्म कुंडली मांगी। प्रोडक्शन हाउस ने उन्हें एक बड़ा टीवी सीरियल ऑफर किया था। लेकिन फलक नाज ने सीरियल ठुकरा दिया और प्रोडक्शन हाउस को लताड़ते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें फलक नाज ने बताया है कि कैसे क्या हुआ और किस तरह उन्होंने शो ठुकरा दिया। फलक नाज ने कहा कि उन्हें अभी भी बहुत गुस्सा आ रहा है, पर उन्होंने यह वीडियो उन लोगों के लिए शेयर किया है, जो एक्टिंग में आना चाहते हैं। फलक नाज हैरान हैं और गुस्सा रहा है कि प्रोडक्शन हाउस ने उन्हें सीरियल में रोल ऑफर करने से पहले उनकी कुंडली मांगी, ताकि चेक कर सकें कि उनके हिसाब से सीरियल कैसा चलेगा। फलक ने कहा कि टैलेंट के बजाय कुंडली के आधार पर किसी को काम देना गलत है और वह इस इंडस्ट्री में 15 साल से सिर्फ अपने एक्टिंग टैलेंट, स्किल्स और क्राफ्ट की वजह से हैं।



# शाहरुख की वजह से जवान में काम करने के लिए हुए राजी : विजय

**मुंबई।** विजय सेतुपति ने शाहरुख खान की अदाकारी वाली फिल्म 'जवान' को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। साल 2023 में रिलीज हुई इस फिल्म में उन्होंने काली गायकवाड नाम के विलेन का किरदार निभाया था। एटली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म कामयाब रही थी। विजय सेतुपति ने शाहरुख खान स्टारर 'जवान' में काम करने के अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कहा 'एटली के फिल्म बनाने के तरीके की मैं तारीफ करता हूं। उन्हें पता है कि सीन को कहां उठाना है और कैसे दिलचस्प बनाना है।' तमिल एक्टर एटली ने कहा फिल्ममेकर अपने सीन को लेकर आत्मविश्वास से भरे हुए थे। उन्होंने आगे कहा 'यकीनन यह शाहरुख खान को लेकर है। सिर्फ उनकी वजह से मैंने इस फिल्म में काम किया।' एटली के निर्देशन में बनी फिल्म 'जवान' में शाहरुख खान, नयनतारा, दीपिका पादुकोण, विजय सेतुपति, सान्या मल्होत्रा और प्रियमणि नजर आए। इस फिल्म को शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस का सपोर्ट मिला। बॉक्स ऑफिस पर ग्लोबली इस फिल्म ने 1100 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की थी। शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' की तैयारी में जुटे हैं। इसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अरशद वारसी, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर और सुहाना खान नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। विजय सेतुपति अपकमिंग फिल्म 'मुथु आलिया काट्टान' में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 मार्च, 2026 को एक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है।

# 1980 में शुरू हुआ सिक्स पैक एब्स का ट्रेंड, नसीरुद्दीन ने की थी शुरुआत...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में सिक्स-पैक एब्स का ट्रेंड आज बहुत आम हो गया है। हीरो फिल्म में शर्ट उतारकर अपनी फिट बॉडी फ्लॉन्ट करते हैं और फैंस उनकी बॉडी को देखकर इंस्पायर होते हैं। लेकिन, सवाल यह है कि इस ट्रेंड को सबसे पहले किस अभिनेता ने शुरू किया था? सचाई यह है कि बॉलीवुड में सिक्स-पैक एब्स को लीड एक्टर के तौर पर सबसे पहले दिखाने का श्रेय नसीरुद्दीन शाह को जाता है। 1987 में आई फिल्म 'जलवा' में नसीरुद्दीन ने एक सीआईडी ऑफिसर का रोल किया था। इस रोल के लिए उन्होंने अपनी बॉडी को पूरी तरह ट्रांसफॉर्म किया और स्क्रीन पर सिक्स-पैक एब्स दिखाए। उस समय यह बहुत नई और



हैरान करने वाली बात थी, क्योंकि पहले ज्यादातर हीरो मजबूत बॉडी तो रखते थे, लेकिन साफ-साफ छह पैक एब्स वाला लुक लीड एक्टर्स में नहीं दिखता था।

### दारा सिंह और धर्मेंद्र

दारा सिंह और धर्मेंद्र जैसे एक्टर्स को बहुत मजबूत और मस्कुलर बॉडी के लिए जाना जाता था। दारा सिंह को 'बॉलीवुड का ओरिजिनल सिक्स-पैक हीरो' भी कहा जाता है, क्योंकि वह पहलवान थे और उनकी बॉडी बहुत पावरफुल थी। वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में उन्हें 8-पैक तक बताया जाता है। लेकिन, उनका लुक ज्यादा सिंपल था।

### सलमान की वजह से ट्रेंड हुआ पापुलर

सलमान खान ने 90 के दशक में फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' के गाने 'ओ ओ जाने जाना' सॉन्ग में शर्टलेस होकर सिक्स-पैक दिखाए। जिसके बाद से फैंस और सेलेब्स के बीच सिक्स पैक एब्स का ट्रेंड ज्यादा पॉपुलर हो गया। आज सलमान की वजह से लाखों फैंस जिम जाने लगे, ताकि वह उनकी तरह बॉडी बना सकें।

### ऋतिक और जॉन अब्राहम

ऋतिक रोशन ने इस ट्रेंड को फिल्म 'कहो ना प्यार है' से इसे और ज्यादा ग्लैमरस बनाया। वहीं जॉन अब्राहम को भी सिक्स-पैक का किंग कहा जाता है, खासकर 'दोस्ताना' और 'फोर्स' जैसी फिल्मों में उनका सिक्स पैक एब लुक फैंस को बेहद पसंद आया। इस लिस्ट में और भी कई अभिनेता शुमार हो चुके हैं, जिनमें रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ और भी कई नामी स्टार्स शामिल हैं।

## लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में किया गया 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स का आयोजन

# बेस्ट पिक्चर वन बैटल आफ्टर अनअदर को 6 अवॉर्ड, सिनर्स पिछड़ी

*लॉस एंजिल्स। अमेरिका और इजराइल का ईरान के साथ चल रहे युद्ध और तमाम उथल-पुथल के दौरान 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स का आयोजन लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में किया गया। 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स के रेड कार्पेट पर दुनिया भर के सितारों का मेला लगा। इस अवॉर्ड के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच समारोह की शुरुआत हुई। नॉमिनेशन में सबसे आगे चल रही 'सिनर्स' जीत के मामले में पिछड़ गई। हालांकि, इस फिल्म ने मुख्य कैटिगरी में कई अवॉर्ड झटके। वहीं 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने छक्के मारे हैं। जिस अवॉर्ड फंक्शन पर दुनिया भर की नजरें टिकी रहीं, यहां भारतीय दर्शकों के लिए सबसे खास आकर्षण प्रियंका चोपड़ा रहीं। बता दें कि वो इस साल अवॉर्ड्स में प्रेजेंटर के तौर पर जुड़ी हैं। वहीं, प्रियंका चोपड़ा के अलावा रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐन हैथवे, ग्वेनेथ पाल्ट्रो, पॉल मेस्कल और विल आर्नेट भी अलग-अलग कैटिगरी में अवॉर्ड पेश किए।*

### सिनर्स को मिला 4 अवॉर्ड


98वें एकेडमी अवॉर्ड समारोह अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ते हुए, 'वन बैटल आफ्टर अनदर' फिलहाल कुल 6 अवॉर्ड्स के साथ सबसे आगे रही है। 'सिनर्स' को अब तक चार अवॉर्ड मिले हैं।

### बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले

इस अवॉर्ड्स में सबसे अधिक नॉमिनेशन पाने वाली फिल्म 'सिनर्स' ने बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले में भी जगह बनाई है। रयान कूगलर को बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले का एकेडमी अवॉर्ड मिला है। रॉबर्ट डाउनी जूनियर और क्रिस इवांस ने ये पुरस्कार प्रदान किया।

### सिनर्स को मिली एक और ट्रॉफी

इस अवॉर्ड्स में 16 नॉमिनेशंस के साथ उतरी फिल्म 'सिनर्स' के निर्देशक लुडविग गोरान्सन ने बेस्ट ऑरिजनल म्यूजिक के लिए एकेडमी अवॉर्ड जीता। उन्होंने कहा, 'मेरे पिताजी ने अपना पहला ब्लूज एल्बम 1964 में स्वीडन में खरीदा था।



### बेस्ट डायरेक्टरः पॉल थॉमस एंडरसन

इस समारोह में सबसे बड़ी जीत हासिल करते हुए फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' के पॉल थॉमस एंडरसन ने बेस्ट डायरेक्शन का अवॉर्ड जीता लिया है। अपकमिंग फिल्म 'द ड्रामा' के स्टार्स जेंडाया और रॉबर्ट पैटिनसन ने ये अवॉर्ड इन्हें दिया।

### धर्मेंद्र को नहीं मिली श्रद्धांजलि

*इस साल के ऑस्कर 2026 में उन सभी दिग्गज दिवंगत अभिनेताओं को श्रद्धांजलि दी गई जो फिल्मी दुनिया के सितारे थे। मगर भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र को ऑस्कर के मंच पर याद न किए जाने से फैंस काफी निराश हुए। हालांकि, कई हॉलीवुड अभिनेताओं के नाम इस लिस्ट में शामिल थे। हर साल ऑस्कर के मंच से दुनियाभर के महान कलाकारों को मंच से याद किया जाता है। इसी क्रम में हॉलीवुड के साथ बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र को भी श्रद्धांजलि मिलने की फैंस इंतजार कर रहे थे। मगर ऑस्कर में ऐसा कुछ नहीं हुआ।*

### बेस्ट पिक्चर : वन बैटल आफ्टर अनदर

बेस्ट फिल्म कैटिगरी में पॉल थॉमस एंडरसन की ब्लैक कॉमेडी एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने जीत हासिल की है। इसने सिनर्स, बुगोनिया, एफ1, फ्रैंकस्टीन, हैमनेट, मार्टी सुप्रीम, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू और ट्रेन ड्रीम्स को पीछे छोड़ दिया। इस तरह, फिल्म ने कुल 6 अवॉर्ड मिले और 2026 के ऑस्कर में धूम मचा दी।

### दिखा भारतीय कारीगरी का जलवा

ऑस्कर अवॉर्ड में इस बार सेलेब्स ने भारतीय पारंपरिक शिल्प को अपने परिधान में जोड़ा। जाना रॉबर्ट्स ने जहां भारत की बुनाई का सहारा लिया वहीं, प्रितिका स्वरूप ने पारंपरिक हार को अपने पहनावे का हिस्सा बनाया। जाना रॉबर्ट्स रस्सी ने स्वदेश x अबू जानी और संदीप खोसला की डिजाइन किए गए परिधान को अपने रेड कार्पेट के लिए चुना। इस ड्रेस के पूरी तरह भारतीय कारीगरों ने बनाया था। जिसमें भारत के वस्त्र शिल्प का शानदार काम देखने को मिला। उन्होंने जो क्रॉप टॉप पहन रखा था। उसमें हजारों बीड्स, पत्थरों और क्रिस्टल का उपयोग किया गया था। इस खूबसूरत टॉप को बनाने के लिए सिल्क ब्रोकेड के कपड़े का उपयोग हुआ था।

लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, पीएम आवास में तेजी और पेयजल व्यवस्था सुधारने के निर्देश

# कलेक्टर की सख्ती- धान उठाव पर समीक्षा, खाद्य अधिकारी को फटकार

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने धान उठाव की स्थिति की जानकारी ली और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर खाद्य अधिकारी नटवर लाल राठौर को कड़ी फटकार लगाई।

बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों-कर्मचारियों की ई-एचआरएमएस संबंधी जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला सूचना अधिकारी सुखदेव पटेल ने बताया कि बार-बार निर्देशों के बावजूद कुछ विभागों द्वारा जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए तीन घंटे के भीतर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।




कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी राजेश भारती से एग्रीस्टेक पंजीयन की प्रगति की जानकारी लेते हुए किसानों का पंजीयन त्वरित गति से पूर्ण करने और एसडीएम व तहसीलदार के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)में धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने शिवपुर-चरचा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए तथा लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

उन्होंने जनदर्शन, सीएम जनदर्शन एवं पीएम पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध परीक्षण कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार व विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों को स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल, आश्रम शाला, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं उचित मूल्य दुकानों का औचक निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिनकी ड्यूटी लगी है वे निरीक्षण के दौरान सभी जानकारी प्राप्त करें और समस्याओं का परीक्षण कर त्वरित निराकरण करें। उन्होंने सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग के अधिकारी को जिले के सभी आश्रम शालाओं में व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए, सुरक्षा व्यवस्था व बुनियादी सुविधाओं का नियमित जानकारी प्राप्त करने को कहा। पेयजल व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को गांवों का दौरा कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, एसडीएम व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत महापरीक्षा 22 को




हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिक्षार्थी आंकलन महापरीक्षा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि इस अभियान के तहत 22 मार्च को जिले में शिक्षार्थियों का आंकलन किया जाएगा। विकासखंड बैकुंठपुर एवं सोनहत में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक निर्धारित आंकलन केन्द्रों में प्रारंभिक साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का मूल्यांकन किया जाएगा। बताया गया कि विकासखंड बैकुंठपुर में 131 तथा सोनहत में 19 आंकलन केन्द्र बनाए गए हैं, जहां कुल 1641 शिक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नियुक्त पर्यवेक्षक निर्धारित तिथि पर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र वैद्य, डीडी मंडावी सहित स्कूल शिक्षा, समग्र शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला 8 बजे से लगेंगी

**अंबिकापुर।** प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला की केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा शुरू होने के बाद शाला संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा ने बताया कि जिले में 16 मार्च से प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा वर्ष 2025-26 प्रारंभ हो चुकी है। परीक्षा क्रमशः प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक तथा 9 बजे से 12 बजे तक संचालित होंगे। 5वीं और 8वीं के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं के केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षाओं के दौरान 16 मार्च से 8 अप्रैल तक शाला संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाएं 8 बजे से दोपहर 1 बजे संचालित की जाएगी। डीईओ ने बताया कि शेष निर्देश यथावत रहेंगे। हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा, स्थानीय परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य इस आदेश से प्रभावित नहीं होंगे।

### शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत, जांच के निर्देश

**अम्बिकापुर।** जशपुर जिले के सिविल अस्पताल में हार्ट अटैक से शिक्षक की मौत और अस्पताल में चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ की गैरमौजूदगी को स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता से लिया है। संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने सीएमएचओ जशपुर को पत्र जारी कर इस मामले की सूक्ष्मता से जांच कर तीन दिनों में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है। बता दें कि रविवार को शिक्षक कार्तिकेश्वर निषाद को हार्ट अटैक के बाद बेहोशी की हालत में सिविल हॉस्पिटल पत्थलगांव लाया गया था। प्रारंभिक रूप से सीपीआर देने के बाद लोग उन्हें निजी कार से सिविल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे और अस्पताल के गेट पर कार खड़ी कर डॉक्टर की तलाश करने लगे। इस दौरान अस्पताल में ना ही वार्ड बॉय, स्टाफ नर्स मौजूद थे और ना ही कोई डॉक्टर मौजूद था। परिजन व स्थानीय लोग लगातार डॉक्टर की तलाश करने के साथ ही उन्हें फोन लगाते रहे। काफी देर के बाद एक महिला चिकित्सक डॉ. जया परहा मौके पर पहुंची और शिक्षक की जान बचाने के बदले बहस करने लगी। इसके बाद मौके पर पहुंचे डॉ. शकुंतला निषाद ने शिक्षक को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन की कार्यशैली और व्यवस्था को लेकर लोगों ने नाराजगी जाहिर की थी। हरिभूमि ने इस खबर को 16 मार्च के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया जिसके बाद संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने इस मामले की जांच हेतु सीएमएचओ जशपुर को टीम गठित करने और 3 दिनों में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है। जेडी डॉ. शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच के निर्देश दिए गए है और जांच के बाद लापरवाही सामने आने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### आरटीओ अधिकारी बनकर लूट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** खुद को आरटीओ का अधिकारी बताकर बाइक सवार लोगों से 20 हजार रूपए की लूट व गाली गलौज करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटर साइकिल और 1 हजार रूपए नगद बरामद किया है। आरोपी इसके पूर्व भी लूट के एक मामले में शामिल था जिसकी जांच पुलिस कर रही है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के राजपुर मारकाडांड निवासी संदीप लकडा 11 मार्च की शाम अपने ससुर के साथ बाइक से हॉस्पिटल से गांधी चौक की ओर जा रहा था। इस दौरान राज पोल्ट्री फ़ार्म के समीप एक काले रंग के बुलेट बाइक में एक व्यक्ति आया और संदीप लकड़ा का रास्ता रोकते हुए धमकी देने लगा कि जब तुम्हे रुकने को कहा गया तो रुके क्यों नहीं। आरोपी ने खुद को आरटीओ अधिकारी शहजोर अली बताकर बाइक सवारों से गाली गलौज की और संदीप के पर्स में रखा 10 हजार और शर्ट के पाकिट में रखा 10 कुल 20 हजार रूपए लूटकर रख लिया और ग्रामीण को धमकी देने के बाद भाग निकला। इस घटना के बाद संदीप लकड़ा ने परिजन के साथ आरटीओ ऑफिस जाकर जानकारी हासिल की तो पता चला कि उक्त नाम का कोई व्यक्ति नहीं है।

## भाजपा पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की बैठक






### मानस भवन में मनाएंगे पार्टी स्थापना दिवस

बैकुंठपुर मंडल द्वारा 6 अप्रैल को मानस भवन में भव्य स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इसी दिन समाज के प्रबुद्ध जन, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं हितग्राहियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन निश्चित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष बसंत राय, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, पूर्व नपा उपाध्यक्ष भानूपाल, वरिष्ठ नेता मनोज गुप्ता, सोशल मीडिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सोनालाल राजवाड़े, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रखर गुप्ता, मंडल महामंत्री रमन गुप्ता, रवि त्रिपाठी, महिला मोर्चा जिला मंत्री ऑचल सिंह परमार, आईटी सेल संयोजक हरिओम साहू, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी ममता साहू, सुदीप सोनी, पार्षद अवधेश सिंह, अभिनेन्द्र चंदेल, लक्ष्मी गुप्ता, सुनील सिंह, रंजीत सिंह, संतोष राजवाड़े, परवेज आलम, रजनीश गुप्ता, शरद कुमार, अमिताभ गुप्ता, महेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सोनी, सौरभ दुबे, गीतेन्द्र, दुर्गा प्रसाद, राधा गिरी, आशा काशी, तोता रानी सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

नगर पालिका परिषद् बैकुंठपुर क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने सभी जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने वार्डों में नियमित रूप से जाएं और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता से सीधा संवाद स्थापित करना ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। इससे आम जनता को योजनाओं का लाभ मिलेगा और सरकार की नीतियों की जानकारी भी लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंचेगी। बैठक में नगर विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क मरम्मत सहित विभिन्न जनहित मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 29 मार्च को हर बूथ या वार्ड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने की व्यवस्था संगठन पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहकर नगरवासियों को शामिल करें।




## पुस्तक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

बचपन प्ले स्कूल मनेन्द्रगढ़ में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसी क्रम में विद्यालय में कक्षा एलकेजी के छात्राओं के लिए वाचन प्रतियोगिता दो चरणों में हुई।

प्रथम चरण में अंग्रेजी पुस्तक वाचन एवं अगले चरण में हिंदी पुस्तक वाचन प्रतियोगिता हुई। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और लगन के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। अंग्रेजी पुस्तक वाचन में कक्षा एलकेजी ए से अरफिया मेमन, शिवांश तिवारी व सिद्धि देवानी प्रथम स्थान मं, युमना अंसारी, सार्थक पांडे व कनिष्क शुक्ला द्वितीय स्थान पर एवं तवीशी तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा एलकेजी बी से सानविका पोरवाल व अनन्या कक्कड़ प्रथम स्थान में, आश्वी अग्रवाल द्वितीय स्थान में एवं मलवीन कौर तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा एलकेजी सी से प्रिशा यादव, दिव्यांश सिंह, समायरा सिंह व शिवांश यादव प्रथम स्थान में इशिका पटेल द्वितीय स्थान में एवं विहाना फरमानिया तृतीय स्थान पर रहे। वहीं अगले चरण में हिंदी पुस्तक वाचन में कक्षा एलकेजी ए से कनिष्क शुक्ला व शिवांश तिवारी प्रथम स्थान पर अरफिया मेमन द्वितीय स्थान में एवं तृतीय स्थान पर युमना अंसारी व सिद्धि देवानी रहे। एलकेजी बी से मलवीन कौर प्रथम स्थान पर, रक्षिता यादव द्वितीय स्थान पर एवं अनन्या कक्कड़ तृतीय स्थान पर रहे। एलकेजी सी से शिवांश यादव, विहाना फरमानिया व समायरा सिंह पृथम एवं शोविक चंद्र दास द्वितीय स्थान में रहे। संस्था की काउंसलर सोनाली दास ने कहा विद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करना, आत्मविश्वास बढ़ाना और मंच पर बोलने की क्षमता को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विद्यालय की डायरेक्टर्स ज्योति ताम्रकार, आशी कक्कड़ व तोषी अग्रवाल ने निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका सिंह, रश्मि प्रसाद, शिल्पी सिन्हा, रुचि सेन सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

## जिले में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ मंगलवार को ग्राम ओड़गी स्थित टीकाकरण केन्द्र में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी रहीं, जिन्होंने अभियान की शुरूआत की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि यह अभियान 17 मार्च से 21 अप्रैल तक जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 9 माह से 59 माह तक के बच्चों को विटामिन-ए सिरप पिलाया जाएगा तथा 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को आयरन एवं फोलिक एसिड (आईएफए) सिरप वितरित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान एनीमिया की जांच, स्तनपान संबंधी जागरूकता गतिविधियां तथा ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस एवं टीकाकरण सेवाओं को भी सुदृढ़ किया जाएगा। अभियान निर्धारित तिथियों 17, 20, 24, 27 और 30 मार्च तथा 2, 7, 10, 17 एवं 21 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को नजदीकी टीकाकरण केन्द्र में लाकर इस अभियान का लाभ दिलाएं। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं स्थानीय नागरिक काफी संख्या में उपस्थित रहे।







## एनीमिया से जूझ रही गर्भवती पंडो महिला ने स्वस्थ शिशु को दिया जन्म

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र सोनहत विकासखंड के ग्राम अकलासरई में गंभीर एनीमिया से पीड़ति एक हाई रिस्क गर्भवती महिला को समझाइश और काउंसलिंग के बाद सुरक्षित संस्थागत प्रसव से जोड़ा गया, जिससे जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। ग्राम अमरा निवासी 24 वर्षीय श्रीमती आरती (पति जगनारायण), जो विशेष पिछड़ी पण्डो जनजाति से हैं, अपनी पहली गर्भावस्था के दौरान गंभीर एनीमिया (हीमोग्लोबिन 7 से कम) और सिकलिंग पॉजिटिव पाई गई थीं।



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से उन्हें नियमित रूप से कोरिया मोदक लड्डू उपलब्ध कराया गया, जिससे उनका स्वास्थ्य धीरे-धीरे स्थिर हुआ और प्रसव के समय उनका हीमोग्लोबिन स्तर बढ़कर 8.3 ग्राम प्रति डेसीलीटर तक पहुंच गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल बैकुंठपुर रेफर किया गया था, लेकिन जागरूकता की कमी और डर के कारण महिला और उसके परिजन अस्पताल से लौटकर गांव चले गए। जानकारी मिलने पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोनहत अंशुल वर्मा के नेतृत्व में राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची। प्रशासनिक टीम के पहुंचने की खबर से घबराकर महिला और उसके परिजन जंगल की ओर चले गए, लेकिन टीम ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षित ग्रामीणों और मितानिनों की मदद से धैर्यपूर्वक काउंसलिंग कर परिवार से कहा कि हम आपके साथ हैं और इस तरह सुरक्षित प्रसव के लिए तैयार किया। आखिरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसवार में चिकित्सा टीम की निगरानी में महिला का सफल संस्थागत प्रसव कराया गया। नवजात शिशु का वजन 3.5 किलोग्राम है और माता-शिशु दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।

## जिले में बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत, समाधान योजना लागू

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए समाधान योजना 2026 लागू कर दी है। इस योजना के तहत घरेलू, बीपीएल एवं कृषि श्रेणी के लाखों उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल में भारी छूट दी जाएगी।



रायपुर में कंपनी के संचालक मंडल की बीते 11 फरवरी को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार उपभोक्ताओं को मूल राशि और अधिभार (पेनल्टी) दोनों में छूट का लाभ मिलेगा। योजना विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद है जिनके बिजली बिल लंबे समय से बकाया हैं। 31 मार्च 2023 तक के बकाया वाले निष्क्रिय कनेक्शन कटे उपभोक्ताओं को बीपीएल श्रेणी में 75 प्रतिशत तक और घरेलू एवं कृषि श्रेणी में 50 प्रतिशत तक मूल राशि में छूट मिलेगी, जबकि अधिभार पूरी तरह माफ कर दिया जाएगा। 5 वर्ष से अधिक पुराने बकाया पर 75 प्रतिशत और 1 से 5 वर्ष के बकाया पर 50 प्रतिशत तक मूल राशि में छूट दी जाएगी। इन दोनों ही स्थितियों में अधिभार 100 प्रतिशत माफ रहेगा। सक्रिय घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान पर 10 प्रतिशत तथा तीन किश्तों में भुगतान पर 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। छह किश्तों के विकल्प में मूल राशि पर छूट नहीं होगी, लेकिन अधिभार पूरी तरह माफ रहेगा। यह योजना 30 जून तक प्रभावी रहेगी। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराना होगा और कम से कम 10 प्रतिशत बकाया राशि जमा करनी होगी। उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने के लिए मीटर रीडरों को भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। एकमुश्त भुगतान पर 5 प्रतिशत अधिकतम 1000 रूपए और किश्तों में भुगतान पर 5 प्रतिशत अधिकतम 500 रूपए तक प्रोत्साहन मिलेगा। यह योजना बकाया बिजली बिल से परेशान जिले के उपभोक्ताओं के लिए राहत का बड़ा अवसर है।

## शराब दुकान खोलने के विरोध में महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन



**बैकुण्ठपुर।** गांव में शराब दुकान खोलने के विरोध में काफी संख्या में महिलाओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और नई शराब दुकान खोलने को लेकर मोर्चा खोल दिया। मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के बचरापोंडी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जिल्दा में नई शराब दुकान खोलने के संबंध में प्रक्रिया की जा रही है। इसकी जानकारी मिलने पर ग्राम जिल्दा के काफी संख्या में महिलाएं एकजुट होकर हाथों में तख्तियां लेकर गांव से गुजरे मुख्य मार्ग पर विशाल रैली निकालकर गांव में प्रस्तावित नई शराब दुकान खोलने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि शराब दुकान खोले बिना ही लोग शराब के नशे में रहते हैं, ऐसे में नई शराब दुकान खुल जाने से समाज परिवार में इसका विपरीत असर पड़ेगा। रैली निकालकर ग्रामीण महिलाओं ने मांग की है कि प्रस्तावित नई शराब दुकान गांव में न खोला जाए अन्यथा इसका पुनःविरोध किया जाएगा।

